संख्याः –डी0आर0डी0ए0 (दिशा) –2021– 4397
कार्यालय उपायुक्त एंव मुख्य कार्याकारी अधिकारी
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर
हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)

सेवा में,

श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी,
माननीय केन्द्रीय मंत्री सूचना व प्रसारण,
एंव युवा व खेल मंत्रालय भारत सरकार ।

दिनांक हमीरपुर 30 सितम्वर, 2021

विषय **कार्यावाही जिला विकास समन्वय एंव निगरानी समीति दिनांक 16 सितम्वर 2021 समय प्रातः 9:30 ।**

महोदय,

उपरोक्त वैठक की कार्यावाही जिसका आयोजन दिनांक 16.9.2021 प्रातः 9:30 वजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया था आपकी सेवा में अनुमोदनार्थ एंव हस्ताक्षर हेतु प्रेषित है।

संलग्न : उपरोक्त

भवदीय,

उपायुक्त एंव मुख्य कार्याकारी अधिकारी
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर
हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)

Scanned by CamScanner

**कार्यवाही जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर की बैठक दिनांक 16 सितम्वर 2021 को प्रातः 9:30 बजे श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय केन्द्रीय मंत्री सूचना व प्रसारण एंव युवा व खेल मंत्रालय भारत सरकार एंव लोकसभा सदस्य, हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

**गैर सरकारी सदस्य :**

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमति बबली देवी | अध्यक्षा, जिला परिषद, हमीरपुर |
| 2. श्री मनोज कुमार | अध्यक्ष, नगर परिषद, हमीरपुर |
| 3. श्री हरीश कुमार | अध्यक्ष पंचायत समीति हमीरपुर |
| 4. श्रीमति अंजना | अध्यक्षा, पंचायत समीति सुजानपुर |

**सरकारी सदस्य :**

1. श्रीमति देवश्वेता वनिक, भा0प्रा0से0, उपायुक्त हमीरपुर (हि0 प्र0)
2. श्री जितेंन्द्र सांजटा, हि0 प्र0 से0 अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी एंव परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
3. डा0 वंदना, भा0 व0 से0 वन मण्डल अधिकारी, हमीरपुर
4. ई0 विनोद ठाकुर, अधीक्षण अभियन्ता, जलशक्ति विभाग, हमीरपुर
5. ई0 राजेश कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर
6. ई0 विजय चौधरी, अधीक्षण अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर
7. श्री कमलदेव सिंह कंवर, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
8. डा0 आर0 के0 अग्निहोत्री, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर
9. श्री अरविंद शर्मा, जिला खाघ आपूर्ति नियन्त्रक हमीरपुर
10. श्री योगेश्वर आत्मा राम राउत, परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण, हमीरपुर
11. श्री पी0 सी0 सैनी, उपनिदेशक कृषि, हमीरपुर
12. श्री गुरचरण भटी, अग्रीण जिला प्रवन्धक हमीरपुर
13. श्री दिलवर जीत चंद्र, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा हमीरपुर
14. उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा हमीरपुर
15. श्रीमति अस्मिता ठाकुर, खण्ड विकास अधिकारी हमीरपुर व नादौन
16. श्री विजय चौधरी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर
17. श्री निशांत शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी, सुजानपुर

Scanned by CamScanner

18. श्री रमेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, विझाडी
19. श्री विरेन्द्र कौशल, खण्ड विकास अधिकारी, वमसन
20. श्री मनोज कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, भोरंज
21. सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग, हमीरपुर
22. श्री विनोद कुमार, जिला योजना अधिकारी, हमीरपुर
23. श्री संजीव शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी, हमीरपुर
24. श्रीमति मीना वेदी, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी, हमीरपुर
25. डा0 सरिता राणा, जिला आर्युवेदा अधिकारी, हमीरपुर
26. श्री आर0 के0 भाटिया, जिला राजस्व अधिकारी, हमीरपुर
27. श्री तिलक राज JE नगरपरिषद भोटा
28. श्री किशोरी लाल ठाकुर, कार्याकारी अधिकारी, नगर परिषद हमीरपुर
29. श्री हरवंश सिंह, जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर
30. श्री अजय गुलेरिया, प्रधानाचार्य, उघोग प्रशिक्षक केन्द्र हमीरपुर
31. श्री रविन्द्र, पोस्टमास्टर, हमीरपुर
32. श्री सुनील कुमार, जिला खेल अधिकारी हमीरपुर
33. श्री सुरेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक उघान हमीरपुर
34. डा0 विनय सोनी, उपमण्डल मृदा संरक्षण अधिकारी हमीरपुर
35. श्री एच0 सी0 शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर
36. श्री के0 सी0 ठाकुर, कार्याकारी अधिकारी, नगर निगम हमीरपुर
37. श्री संजय कुमार, कार्याकारी अधिकारी, नगर निगम सुजानपुर
38. श्री हरविंद्र सिंह, खनन अधिकारी, हमीरपुर
39. श्री पवन बन्याल, नोडल अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

सर्वप्रथम उपायुक्त, हमीरपुर द्वारा श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय संसद सदस्य एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), तथा सभी सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों का बैठक में पधारने पर स्वागत किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपायुक्त, हमीरपुर द्वारा बैठक की कार्यवाही को आरम्भ किया गया। पूर्व में दिनांक 20.2.2021 को हुई वैठक में पारित आदेशों पर सम्वन्धित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से अध्यक्ष महोदय को अवगत करवाया, तदोपरांत बैठक की कार्यावाही विभाग बार आरम्भ की गई ।

Scanned by CamScanner

1.स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग :–

**(i) आयुष्मान भारत/प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** : स्वास्थ एंव परिवार कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की वित्तीय एवम् भौतिक प्रगति की सूचना डा0 आर0 के0 अग्निहोत्री मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन में प्रस्तुत की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का आरम्भ 20 सितम्वर 2018 को हुआ था और इस योजना के अन्तर्गत अब तक वित्तीय वर्ष 2020–21 तक कुल 77672 लाभार्थियों के कार्ड वनाए गए हैं और वर्तमान वर्ष की पहली तिमाही तक कुल 199 लोगों को इस योजना से जोडा गया है। इस योजना के अन्तर्गत पूर्व वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही तक 95,65,160 रू0 दावों की मुआवजा राशि का आक्कलन किया गया है जिसमें से कुल 91,98,671 रू0 के दावों का भुगतान किया गया है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि आयुष्मान भारत योजना का प्रचार प्रसार किया जाए तथा इनके लाभो को जन जन तक आशावर्कर के माध्यम से जनजागरण अभियान द्वारा पहुंचाया जाए ताकि इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग उठा सकें।

**(ii) अटल आर्शीवाद योजना** : जिला हमीरपुर में वर्तमान वर्ष की प्रथम तिमाहि तक कुल 1386 प्रसव करवाए गए जिनमें से कुल 1218 प्रसुता महिलाओं के बच्चों को वेवी किट बांटे गए है।

**(iii) राष्ट्रीय टी0 वी0 उन्नमूलन कार्यकम** : अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021 में टी0 वी0 मुक्त हिमाचल का लक्ष्य रखा है। अतः इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए भविष्य में कार्ययोजना वना कर इस लक्ष्य को पूर्ण करें।

**(iv) राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यकम** : मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर ने सदन को वताया कि वित्तिय वर्ष 2020–21 में कुल 5 कुष्ठ रोगी चिन्हित हुए हैं जिसमें से चार कुष्ठ रोगियों का उपचार किया जा रहा है। वर्तमान वर्ष में कुल अव तक कुल 3 रोगियों की पहचान की जा चुकी है।

अध्यक्ष महोदय ने चिकित्सा महाविघालय में मूलभूत आवश्यकताओं जैसे सी0 टी0 स्कैन एंव एम0 आर0 आई0 की स्थापना में हो रही देरी के लिए अप्रसन्नता व्यक्त की और इस कार्य में तेजी लाने के लिए प्रधानाचार्य और स्वास्थ्य विभाग को तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

अध्यक्ष महोदय ने यह भी आदेश दिए कि वैठक में दिए गए निर्देशों के सन्दर्भ में सचिव स्वास्थ्य को भी अवगत करवाया जाए।

**(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर और प्रधानाचार्य, डा0 राधाकृष्णन चिकित्सा महाविघालय हमीरपुर)**

Scanned by CamScanner

## 2. विद्युत विभाग :–

**(i) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना :** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत विभिन्न घटकों हेतु इस वित वर्ष में 561.23 लाख रू0 का प्रावधान है जिसमें से 252.90 लाख रू0 अव तक खर्च किए जा चुके है जो भी कार्य इस योजना में लिए गए थे उन्हें पूर्ण करके परियोजना की closer report भारत सरकार को भेजी जा रही है।

**(ii) आई0 पी0 डी0 एस0 :** इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न घटकों के अन्तर्गत 396 लाख रू0 का प्रावधान रखा गया है जिसके अन्तर्गत कुल 431.00 लाख रू0 अब तक खर्च कर दिए गए है और वर्तमान मे योजना को बंद करने के लिए भारत सरकार को Project closer report दिनांक 16.3.2021 को भेजी जा चुकी है।

**(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर)**

## 3.सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग :–

*(महिला एवं वाल विकास )*

**(i) समेकित बाल विकास योजना** :जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया कि जिले में कुल 58 कुपोषित बच्चे है। अध्यक्ष महोदय ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आदेश दिए कि इस योजना के अन्तर्गत संचालित आंगनवाडी केन्द्रों में बच्चों के पोषण पर ध्यान रखा जाए और उन्हें पोषण मुक्त आहार प्रदान करें।

**(ii) वेटी वचाओ वेटी पढाओ योजना :** जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वर्तमान में वेटी वचाओ वेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 के लिए प्रथम किस्त वहुप्रतीक्षित है।

**(iii) बेटी है अनमोल :** जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वेटी है अनमोल योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में 66.42 लाख रू0 उपलब्ध है जिनमें से 6.12 लाख रू0 खर्च किए जा चुके हैं। अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि इस निधि को वर्तमान वित्तिय वर्ष में सम्वन्धित गतिविधियों पर खर्च करें।

**(कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0)**

Scanned by CamScanner

4.जल शक्ति विभाग :

**(i) प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना :** अधीक्षण अभियन्ता द्वारा सदन को अवगत करवाया कि जिला के हमीरपुर मण्डल में कुल 122.77 लाख की 2 योजनाओं पर अव तक कुल 119.97 लाख रू0 खर्च किए जा चुके हैं।

**(ii) जल जीवन मिशनः–** अधीक्षण अभियन्ता जल शक्ति विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि जल जीवन मिशन में वर्ष 2021–22 के लिए कुल 22515.38 लाख रू0 के धन का प्रावधान 50 योजनाओं के कार्यन्वयन का है जिसमें से जुलाई 2021 तक कुल 5870.63 लाख धन व्यय किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता जल शक्ति विभाग हमीरपुर को आदेश दिए कि जिला में कुल कितनी हैक्टर भूमि कृषि के लिए उपयोग की जा रही है और इसमें से कितनी भूमि को जल शक्ति विभाग की योजनाऐं सिंचाई उपलब्ध करवा रही है का व्यौरा प्रदान करें।

**(कार्यवाही सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग/विघुत विभाग हमीरपुर)**

5. लोक निर्माण विभागः–

**क.) प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनाः–** अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि इस कार्यक्रम के तहत कुल 166 कार्य जिला हमीरपुर में स्वीकृत हुए हैं जिनमें से अव तक 153 कार्य पूर्ण किए गए हैं जिनके लिए कुल 292.65 करोड का प्रावधान था तथा जिसमें से 227.46 करोड खर्च किए जा चुके है।

अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को ओदश दिए कि मण्डलवार वर्तमान में उपलब्ध मजदूरों की क्या संख्या है, का व्यौरा उपलब्ध करवाएं और भविष्य में बडी परियोजनाओं मुख्यतः 100 करोड से अधिक का विवरण भी वैठक में प्रस्तुत करते रहें।

**(कार्यवाही लोक निर्माण विभाग/जल शक्ति/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण)**

6.शिक्षा विभाग :–

**(i) मध्यांतर भोजन :** उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वर्ष 2020–21 के प्रथम तिमाही तक 679.00 लाख रू0 का प्रावधान था जिसमें से 173.04 लाख रू0 जून 2021 तक व्यय किए जा चुके हैं।

अध्यक्ष महोदय ने उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग व उच्च शिक्षा विभाग को आदेश दिए कि जिला में कितने सरकारी स्कूल चलाए जा रहे हैं जिनमें 10 से कम बच्चों की संख्या है, का डाटा उपलब्ध करवाया जाए।

**(उपनिदेशक उच्च शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा)**

Scanned by CamScanner

7.<u>उद्योग विभाग</u> :–

**(i) प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम :** महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2020–21 तक 155 मामले स्वीकृत किए गए थे, और उन में वर्ष 2020–21 तक कुल 469.50 लाख रू0 मार्जिन मनी सब्सिडी दी गई थी। वर्तमान वर्ष में जुलाई 2021 तक कुल 9 मामले स्वीकृत किए गए हैं जिनमें कुल 28.40 लाख मार्जिन मनी सब्सिडी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त इस योजना में अव तक कुल 896 रोजगार सृजित किए गए है।

**(कार्यवाही उद्योग विभाग)**

8.<u>खनन विभाग</u> :–

**(i) प्रंधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना :** खनन अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया कि अगस्त 2021 तक कुल 1,86,44,654 रू0 जिला खनिज फाउंडेशन में जमा करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुल 77.80 लाख रू0 स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न कार्यों पर खर्च किए है।

**(ii) अवैध खनन :** जिला खनन अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ 320 मामले अगस्त 2021 तक वर्तमान वर्ष में पाए गए। जिसमें से 212 केसों से 11,14,200/– रू0 वसूल किए जा चुके हैं।

**(कार्यवाही खनन अधिकारी)**

9.<u>खाद्य आपूर्ति विभाग</u> :–

**(i) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना :** जिला खाघ नियन्त्रक द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि जिला में इस योजना के अन्तर्गत कुल 2055 गैस कुनेकशनों का वितरण किया जा चुका है ।

**(ii) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम :** जिला खाघ नियन्त्रक द्वारा सदन को अवगत करवाया कि खाघ सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सरकार द्वारा 2,43,958 लाभार्थियों के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और अब तक इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से 157622 लाभार्थी और शहरी क्षेत्र से 7179 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष के जून माह तक 29881 MT अनाज को आवंटित करने का लक्ष्य था और अव तक 29865 Qtl अनाज का वितरण पात्र लाभार्थियों को कर दिया गया है।

Scanned by CamScanner

**(iii) प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना :** इस योजना के अन्तर्गत 23301 Qtl अनाज (चावल व गंदम) प्राप्त हुआ था जिसमें से 22848 Qtl अनाज वितरित किया गया है।

**(कार्यवाही जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हमीरपुर)**

**10.<u>कल्याण विभाग</u> :–**

**(i) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम :** कल्याण विभाग द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वर्तमान में इस योजना के अन्तर्गत 10823 पात्र लोगों को सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है और अव तक 10819 पात्र लोगों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वितिय वर्ष 2020–21 तक कुल 6,46,22,850/– रू0 व्यय किए गए हैं।

**(कार्यवाही जिला कल्याण अधिकारी)**

**11. <u>कृषि विभाग</u> :–**

**(i) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना** : उपनिदेशक कृषि विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में 13.00 लाख रू0 वर्तमान वर्ष में अब तक प्राप्त हुए जिन्हें 31 मार्च 2022 तक विभिन्न गतिविधियों पर 60 है0 भूमि के विकास पर खर्च किया जाएगा।

**(ii) प्रधानमंत्री फसल वीमा योजना** : अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेश दिए गए कि इस योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुसार किसानों को 31 मार्च 2022 तक पूर्ण लाभ पहुंचाया जाए।

**(iii) मृदा स्वास्थ्य कार्ड :** कृषि उपनिदेशक द्वारा सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष में जून माह तक 3000 मृदा नमुने लिए गए और 1215 मृदा स्वास्थ्य कार्ड लाभार्थियों को जारी किए गए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि पिछले एक वर्ष में कितने किसानों को कृषि मण्डी से जोडा गया और कृषि मण्डी में लोकल किसानों से कितनी मात्रा में किस–किस श्रेणी की वस्तुएं खरीद की गई का डाटा उपलब्ध करवाएं।

**(कार्यवाही उपनिदेशक कृषि विभाग)**

**12.<u>सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना</u>:–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आदेश दिए कि इस योजना के अन्तर्गत जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनसे सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला योजना अधिकारी कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ।

**(कार्यवाही जिला योजना अधिकारी / समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

Scanned by CamScanner

**13. राजस्व विभागः–**

अध्यक्ष महोदय ने जिला राजस्व अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए तहसील वार जो भी निशानदेही, भूमि विभाजन व इन्तकाल के मामले लम्वित पडे हैं उन्हें तय समय सीमा के अनुसार निपटान करें और उन्हें तय समय सीमा से अधिक लम्बित न रखें।

**(कार्यवाही जिला राजस्व अधिकारी हमीरपुर)**

14. <u>ग्रामीण विकास विभाग</u>

**(i) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना** : उपनिदेशक एंव परियोजना अधिकारी ने सदन में अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष में 1287822 कार्य दिवस अर्जित करने का लक्ष्य रख गया था और अव तक 776903 (60.33%) कार्य दिवस अर्जित किए जा चुके है।

**(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**(ii) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)** : उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि स्वच्छ भारत मिशन के ठोस कचरा प्रवन्धन के लिए कुल 42302 कार्य वर्तमान वर्ष के जुलाई माह तक स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से अव तक 28555 कार्य पूर्ण हो चुके है।

**(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**(iii) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन** : इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में 623 स्वंय सहायता समूह वनाने का लक्ष्य था जिसमें से 192 समूहों का गठन किया जा चुका है और इन समूहों का credit Mobilization का लक्ष्य 724.625 लाख रू0 है जिसमें से कुल 64.00 लाख इन समूहो को credit Mobilization किया जा चुका है।

**(समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**(iv) सांसद आदर्श ग्राम योजना** : उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने सदन को अवगत करवाया कि सांसद आदर्श गांव योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अणु, के लिए 89 कार्य स्वीकृत किए जिनमें से 87 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष 2 कार्यो में से 1 कार्य प्रगति पर है और शेष 1 कार्य भूमि उपलब्ध न होने के कारण स्थगित हैं।

**(कार्यवाही उपनिदेशक, डी0आर0डी0ए0/जलशक्ति विभाग)**

Scanned by CamScanner

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने करोना की दूसरी लहर से कुशलता से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना की और इस कार्य में संलिप्त समस्त विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों का धन्यावाद किया।

**अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव सहित सम्पन्न हुई।**

*अध्यक्ष*
जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
हमीरपुर, हि0 प्र0

Scanned by CamScanner